भारत सरकार
पत्रसूचना कार्यालय
गृह मंत्रालय
*****

केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह नेरबी की 6 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य(MSP)बढ़ाए जाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया

“मोदी सरकार का हर दिन हर क्षण किसानों और गरीबों के कल्याण के प्रति समर्पित रहा है”

“आज 6 रबी फसलों की MSP बढाकर प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मोदी सरकार ने अपने उसी संकल्प को पुनः दोहराया है”

“आज मोदी जी नेगेहूं की MSP में 50रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि,चने की 225 रुपए प्रति क्विंटल,जौं75 रुपए प्रति क्विंटल,मसूर300 रुपए प्रति क्विंटल,सरसों एवं रेपसीड-225 रुपए प्रति क्विंटल और कुसुम्भकी MSP में 112 रुपए प्रति क्विंटलकी वृद्धि की है”

“मोदी सरकार ने यह ऐतिहासिक वृद्धि कर किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में सार्थक प्रयास किया है”

“जो लोग किसानों को भड़का कर अपनी खोई राजनीतिक जमीन ढूंढ़ रहे हैं, उन्होंने 2009-14 तक सत्ता में रहते हुए किसानों से मात्र 1.52 लाख मीट्रिक टन दाल खरीदी वहीं मोदी सरकार ने 2014-19 में 76.85 लाख मीट्रिक टन दाल खरीदी।यह 4962% का फर्क उनके ढोंग और मोदी जी के समर्पण को साफ दर्शाता है”

“मोदी सरकार के कृषि सुधार विधेयकों का विरोध करने वाले लोग असल में किसानों की ख़ुशहाली और उनकी उपज के सही मूल्य के विरोधी हैं”

"यह लोग नहीं चाहते कि देश का पेट भरने वाला अन्नदाता कभी उनके समान समृद्ध और सशक्त हो पाए।लेकिन मोदी सरकार किसानों को उनका अधिकार देकर रहेगी"

नई दिल्ली, 21 सितंबर 2020

केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने रबी की 6 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य(MSP)बढ़ाए जाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। अपने ट्वीट्स में श्री अमित शाह ने कहा है कि "मोदी सरकार का हर दिन हर क्षण किसानों और गरीबों के कल्याण के प्रति समर्पित रहा है।आज 6 रबी फसलों की MSP बढाकर प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मोदीसरकार ने अपने उसी संकल्प को पुनः दोहराया है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर का हृदयपूर्वक आभार व्यक्त करता हूँ"।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि "आज मोदी जी नेगेहूं की MSP में 50रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि,चने की 225 रुपए प्रति क्विंटल,जौं75 रुपए प्रति क्विंटल,मसूर300 रुपए प्रति क्विंटल,सरसों एवं रेपसीड -225 रुपए प्रति क्विंटल और कुसुम्भकी MSP में 112 रुपए प्रति क्विंटलकी वृद्धि की है। मोदी सरकार ने यह ऐतिहासिक वृद्धि कर किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में सार्थक प्रयास किया है"।

श्री अमित शाह ने यह भी कहा कि "जो लोग किसानों को भड़का कर अपनी खोई राजनीतिक जमीन ढूंढ़ रहे हैं , उन्होंने 2009-14 तक सत्ता में रहते हुए किसानों से मात्र 1.52 लाख मीट्रिक टन दाल खरीदी वहीं मोदी सरकार ने 2014-19 में 76.85 लाख मीट्रिक टन दाल खरीदी।यह 4962% का फर्क उनके ढोंग और मोदी जी के समर्पण को साफ दर्शाता है"।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि "मोदी सरकार के कृषि सुधार विधेयकों का विरोध करने वाले लोग असल में किसानों की ख़ुशहाली और उनकी उपज के सही मूल्य के विरोधी हैं।यह लोग नहीं चाहते कि देश का पेट भरने वाला अन्नदाता कभी उनके समान समृद्ध और सशक्त हो पाए।लेकिन मोदी सरकार किसानों को उनका अधिकार देकर रहेगी"।

https://twitter.com/AmitShah/status/1308042146612523008?s=20

https://twitter.com/AmitShah/status/1308042302565175300?s=20

https://twitter.com/AmitShah/status/1308042392952471552?s=20

https://twitter.com/AmitShah/status/1308042567418744832?s=20

***

एनडब्यूो/आरके/पीके/डीडीडी